## सार-समाचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**मंडावा** (निसं)। मंडावा कॉलेज में सांस्कृतिक साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ प्राचार्य राजेन्द्र केरोडिया की अध्यक्षता में किया गया। साप्ताहिक प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। क्रिकेट प्रतियोगिता प्रभारी सुरेश कुमार एवं सद्दाम हुसैन भाटी ने बताया कि सेमी फाइनल मैच बीएससी तृतीय वर्ष व बीए तृतीय वर्ष के बीच खेला गया। जिसमें बीएससी तृतीय वर्ष की टीम 30 रनों से विजेता रही। फाइनल मैच बीएससी तृतीय वर्ष एवं बीए द्वितीय वर्ष के बीच खेला गया। जिसमें बीए द्वितीय की टीम विजेता रही, मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब पीयूष शर्मा को मिला। मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता प्रभारी ममता सैनी ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में नौ ग्रुप ने भाग लिया जिसमें ग्रुप ए के अनिशा, निष्ठा, सना एवं अर्चना सैनी ने प्रथम स्थान, ग्रुप जी के यमिनी वर्मा, बबिता, अंकिता कुमावत एवं अम्बिका ने द्वितीय स्थान व ग्रुप बी सीमा, लक्ष्मी, अनु कंवर एवं नीरू कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में कुल दस छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर यामिनी वर्मा व द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से अलका कुमारी एवं कोमल चन्देलिया तथा तृतीय स्थान ललिता कांवलिया रही। निर्णायक की भूमिका में आशा यादव, रचना मिश्रा, सोनम वर्मा आदि थे। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता एवं कैरम प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) का आयोजन किया गया जिसमें म्यूजिकल चेयर की विजेता बबिता, संजू सैनी एवं ललिता कांवलिया क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। कैरम प्रतियोगिता में कुल ग्यारह छात्राओं ने भाग लिया जिसमें फाइनल मैच पूजा एवं विशाखा के मध्य खेला गया जिसमें पूजा विजेता रही।

### कंचन गर्सा मिस बरासिया बनी

**सूरजगढ़** (निसं)। कस्बे के आरकेजेके बरासिया पीजी महाविद्यालय में संस्कृति सुरभि 2023 के अन्तर्गत आयोजित मिस बरासिया प्रतियोगिता में कंचन गर्सा को मिस बरासिया चुना गया। मुख्य अतिथि डॉ. सीमा सहल गर्ल्स कॉलेज चिड़ावा, विशिष्ट अतिथि प्रशासनिक अधिकारी जया पाठक व प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा व संयुक्त सचिव डॉ. एनएल अरडावतिया की अध्यक्षता में मां सरस्वति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में कंचन गर्सा को मिस बरासिया, काजल चावला को मिस इंटेलीजेंट व निशु शर्मा को मिस स्माइली चुना गया। प्रतियोगिता में कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्र वर्ग की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल गायन में विकास प्रथम वविनित द्वितीय, एकल नृत्य में विपुल शर्मा प्रथम व रीतिक शर्मा द्वितीय, सामुहिक गायन में हिमांशु सैनी एंड ग्रुप प्रथम, सामुहिक नृत्य में हिमांशु सैनी एंड ग्रुप प्रथ्रम व राजेश कुमार एंड ग्रुप द्वितीय, विचित्र वेशभुषा में हर्ष टेलर प्रथम व रीतिक शर्मा द्वितीय कविता पाठ में विनित पंसारी प्रथम व विकास द्वितीय स्थन पर रहे। निर्णायक मंडल में लक्की शर्मा, पूनम कंवर, शोभा बोहरा रही। संचालन डॉ. माया जांगिड़, डॉ. नीरमा कुमावत ने किया। डॉ. अनिता सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया।

### विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**झुंझुनू** (निसं)। जिले के केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय, गुढ़ा में मंगलवार को राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महिला नीति के अन्तर्गत बागवानी, रेशम पालन, बून्द-बून्द सिंचाई, उर्वरक, जैविक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू से प्रो. मंजू चौधरी ने पीपीटी के माध्यम से रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य सरोज नैनीवाल ने एनएसएस के अन्तर्गत मिशन 2047 हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवायी एवं मुख्यवक्ता को स्मृति चिह्न देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ वीएस तंवर ने सेमेस्टर सिस्टम प्रणाली के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस अधिकारी सुमन सैनी ने माई भारत डॉट कॉम पर स्वयंसेवकों को शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करने हेतु प्रेरित किया। मंच संचालन शौर्य बूरी ने किया। इस अवसर पर डॉ कुलदीप ढाका, कृष्ण लाल, रामपाल सिंह, सुभाष चन्द्र खेदड़, रणबीर सिंह, मनीष कुमार, प्रवीण देवा, संजय कुमार आदि सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित

**सूरजगढ़** (निसं)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम पंचायत सेही कलां पहुंचने पर पूर्व विधायक सुभाष पूनियां, प्रधान बलवान सिंह, सरपंच अणची देवी द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ सेही कलां पहुंचा जहां पर रथ का स्वागत कर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सम्मान योजना, आयुष्मान भारत योजना, मिशन अन्त्योदय योजना, प्रणाम पीएम योजना, जल जीवन मिशन योजना आदि योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं पंजीयन कर लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान कुल 819 लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। इस मौके पर की उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

### चंपालाल महाराज को सुरक्षा देने की मांग

**सुजानगढ़** (कासं)। अजमेर मसाणिया भैरव धाम के मंहत धर्मगुरू चंपालाल महाराज को सुरक्षा देने की मांग को लेकर आज क्षेत्र के सैंकडो लोगों ने उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 10 दिसम्बर रविवार को पूजा अर्चना करते समय धमकी भरा पत्र मिला था। इसके अलावा पूर्व में भी मारवाडी दरबाजा के पास जानलेवा हमला हो चुका है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री भजनलाल से उनके परिवार को स्थाई सुरक्षा देने की मांग की है। साथ ही राजगढ मन्दिर व अजमेर तक सुरक्षा जाप्ता तैनात करने की मांग की है। इस अवसर पर सतीश डूंखवाल, अनिल कुमार, पंकज, संदीप, रविन्द्र, शेर सिंह सहित बडी संख्या में शहर के लोग मौजूद रहे।

### बावलिया बाबा का गुणगान किया

**झुंझुनू** (निसं)। चिडावा से घूमने आए बावलिया बाबा महिला मंडल के सदस्यों ने मंगलवार को बुगाला स्थित बावलिया बाबा मंदिर में बाबा का गुणगान किया। पुजारी गोपाल दास ने पूजा अर्चना की। इसके बाद मंडल के सभी सदस्य म्यूजियम गए। जुगलकिशोर वर्मा ने बताया कि सभी महिलाओं ने बाबा की प्रतिमा के दर्शन किए तथा म्यूजियम में लगाई गई बाबा की जीवनी का पठन किया। साथ ही सजाई गई विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का अवलोकन भी किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पूनम चौरासिया, शशि जोशी, सुषमा पुजारी, चंद्रकांता मिश्रा, आशा अग्रवाल, कौशल्या योगी, पूनम शर्मा, इंदिरा योगी, सन्तोष केडिया, कोयल योगी सहित समस्त महिला मंडल सदस्य मौजूद रहे।

### सी.एम.से मिलकर बधाई दी

**सूरजगढ** (निसं)। प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। चेयरमैन पुष्पा देवी गुप्ता व राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ अध्यक्ष सेवाराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके आवास पर मिलकर उनको मुख्यमंत्री निर्वाचित होने की बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस मौके पर चेयरमैन ने नगरपालिका के विकास को लकर चर्चा की जिस पर मुख्यमंत्री ने चेयरमैन गुप्ता को सूरजगढ नगरपालिका के विकास में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### बैठक आयोजित

**सुजानगढ** (कासं)। राजकीय बगडिया अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण के संबंध में वार्ड प्रभारी नर्सिंग अधीक्षकों की बैठक आयोजित की गयी। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र कलानी एवं नोडल अधिकारी डॉ. लियाकत अली ने बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत संस्थान में आवश्यक बैठक में निर्देश प्रदान किए गए भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही नहीं करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अनाराम गोदारा, सरोज स्वामी, सुनीता स्वामी अन्य समस्त वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।

### थाने में परिवाद दिया

**सुजानगढ़** (कासं)। पुलिस थाने में 60 मुर्गी चोरी होने की शिकायत दी गई है। मर्द पुत्र इलियास खत्री ने थाने में दिए परिवाद में बताया है कि 17 दिसम्बर को बाईपास रोड फाटक पांच के पास स्थित मेरी दुकान से अज्ञात व्यक्तियों ने 60 मुर्गियां चुरा ली है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

# 'भाजपा को पूरे प्रदेश में मजबूत करना है'

- राजेन्द्र राठौड़ के सानिध्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार सभा आयोजित
- झुंझुनूं भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की

**चूरू,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के सानिध्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार सभा दादाबाड़ी में मंगलवार को आयोजित हुई। इस अवसर पर उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन दिए गए। आभार सभा में झुंझुनूं भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।

सभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने तारानगर में हुई अपनी पराजय के संबंध में कहा कि चुनाव लोकतंत्र का युद्ध है, इस युद्ध में हार-जीत सिक्के के दो पहलु हैं। राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मेरा कोई कर्म ऐसा रहा होगा कि मैं तारानगर की जनता को विश्वास नहीं दिला पाया। राठौड़ ने कहा कि जो लोग उन्हें तारानगर लेकर गए वे पर्चा भरने के बाद खिसकने लगे। राठौड़ ने कहा कि वे समझ तो गए थे लेकिन देर हो गई थी। राठौड़ ने कहा कि वो एक दुखद अध्याय के रूप में बंद कर दिया है। अब नया इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा चुनाव परिणाम के बाद एक दिन विधायक भजनलाल शर्मा का फोन आया कि आपके बिना विधानसभा सुनी-सुनी लगेगी। आज वे भजनलाल शर्मा राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं। राठौड़ ने मोदी को दुनिया का सबसे बड़ा नेता बताते हुए कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।

राठौड़ ने कहा कि अब उनका एक मात्र ध्येय भाजपा को पूरे प्रदेश में मजबूत करना है, जिससे 2024 के चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमत्री बनवाया जा सके। उन्होंने चूरू के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि चूरू मेरा पहला प्यार है और मेरे इस चूरू परिवार ने हरलाल सहारण को




राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के सानिध्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार सभा दादाबाड़ी में आयोजित हुई।

विधानसभा में पहुंचाकर मेरी लाज रख ली। राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनकी मां है और जो व्यक्ति मां से गद्दारी करता है, उसे किसी भी सुरत में माफ नहीं किया जाना चाहिए।

राठौड़ ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें अपनी हार की कतई परवाह नहीं है परन्तु जिस प्रकार कुछ लोगों ने गद्दारी की, उससे मेरी चूरू की जनता का अपमान हुआ है और इस अपमान का बदला अवश्य लिया जायेगा। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ का चूरू प्रधान दीपचन्द राहड़ ने एवं चूरू विधायक हरलाल सहारण का पूर्व प्रधान विक्रम सिंह कोटवाद ने साफा पहनाकर अभिनन्दन किया। सभा की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, विधाधर शर्मा, पवन यादव, विजय कस्वां, राकेश तालणिया व करणीसिंह निर्बाण ने 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।

चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राजेन्द्र राठौड़ की हार ने मुझे अन्दर तक विचलित कर दिया है। सहारण ने कहा कि राजेन्द्र राठौड़ हम सब के दिल में बसते हैं। उनके सपनों को साकार करने के लिए हम दिन रात जुटकर सेवा करेंगे। युवा भाजपा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि जिस प्रकार की घृणित राजनीति तारानगर में कुछ लोगों ने की उससे मन खिन्न हो जाता है। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला, पूर्व सभापति विजयकुमार शर्मा, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, प्रधान दीपचन्द राहड़, भाजपा नेता विक्रम कोटवाद, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, पूर्व सभापति मुरलीधर शर्मा, कर्मचारी नेता नोरंगलाल वर्मा, सम्पत सिंह राठौड़, महेन्द्र न्यौल, जेपी शर्मा, दौलत तंवर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, हेमसिंह शेखावत व अभिषेक चोटिया ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में रतननगर नगरपालिका चेयरमेन निकिता गुर्जर, बनवारीलाल शर्मा, पदमसिंह राठौड़, फतेहचन्द सोती, बजरंग कस्वां, किशन आसेरी, सत्तार खान, सुरेश प्रजापत, चन्द्राराम गुरी, नरेन्द्र कंवल, नरेन्द्र काछवाल, योगिता प्रजापत, सुशील लाटा, सुभाष जांगिड़, नारायण बेनीवाल, मदनगोपाल बालाण, प्रभा धंधावत, अख्तर खान, अजीत मेघवाल, भंवर अजीत सिंह, राजेन्द्र धरेन्द्रा, भीखाराम सैनी, ममता जोशी, मेघराज भार्गव, हरिराम चोपड़ा, विमल जोशी, विनोद सैनी, शेरू गोयन्का, रमेश शर्मा, सुरेश मिश्रा, रवि दाधीच, रघुनाथ खेमका, राजीव शर्मा, नीरज जांगिड़, ओमसिंह, सीपी शर्मा, सुनील ढाका, संदीप पाटील, श्रीराम शर्मा, राजेश माटोलिया, गोगराज सैनी, ब्रहमानंद राजोतिया, गजानंद गौड़, विशाल भाटी, आनन्द रैगर, मनोज सैनी, कर्ण शर्मा, दिनेश शर्मा, विजय बावलिया, पवन गुर्जर, अश्विनी बुडानिया, चन्द्रकला ढाका, नोमान खान, भरत पारीक, मोहम्मद सबीर, अमरसिंह बुढानिया, महावीर पूनियां, सुनीता प्रजापत, सरीता जोशी, चचंल सोनी, इन्द्रा सैनी, बबीता भाकर, शोभा चौधरी, दीनदयाल खारड़िया, असलम डायर, आदिल खान, ओम इन्दोरिया, जुगल पाण्डे, मुकेश औझा, रजत शर्मा, शंशाक शर्मा, विश्वनाथ जांगिड़, पवन चावंरिया, संदीप बाल्मिकी, अजय तंवर, अशोक तंवर, लोकेश शर्मा सहित चूरू विधानसभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शक्ति दिवस मनाया

**सीकर,** (निसं)। एनीमिया के खिलाफ चल रही चिकित्सा विभाग की जंग जारी है। इसके तहत प्रदेशभर में राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत हर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जा रहा है। अनीमिया से बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य सभी वर्ग के लोगों को मुक्त रखने के लिए विभाग की ओर से यह दिवस मनाया जाता है।

इस दिन स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शरीर में खून की मात्रा की जांच कर खून बढाने की गोली दी जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सिरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है। 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों, 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की गई और आयरन की गोलियां दी गई। विद्यार्थियों को राजकीय विद्यालयों में आयरन की गोली खिलाई। छह से 59 माह तक बच्चे, पांच से नौ साल के बच्चे, 10 से 19 साल के किशोर-किशोर तथा 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती व धात्री महिलाओं को चिकित्सा संस्थानों पर भी आयरन फोलिक एसीड की गोली व सिरप पिलाई गई।

### वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**खेतड़ी** (निसं)। एएसआई राजकुमार ने बताया कि ढाणी पुजारी वाली तन कालोटा का रहने वाला दिलीप सिंह (51) पुत्र मूल सिंह बबाई में किराना की दुकानों पर पल्लेदारी का काम करता था। सोमवार शाम को वह अपने घर से बबाई किसी काम के लिए आया था। जब रात को वापस अपने घर पैदल ही लौट रहा था तो मंडाना कालोटा सड़क पर भेरुजी की मंदिर के पास पहुंचा तो पीछे से आई गाडी ने उसको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल होकर सड़क किनारे ही गिर पडा।

इस दौरान सुबह आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा सड़क किनारे एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पडे होने की सूचना दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव की शिनाख्त के प्रयास किए गए। इस दौरान मृतक की पहचान पुजारी वाली ढाणी तन कालोटा निवासी दलीप सिंह पुत्र मूल सिंह के रूप में हुई। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई।

## ओवरलोड वाहनों एवं अवैध रॉयल्टी के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**पाटन** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा नीमकाथाना में रॉयल्टी ठेकेदार द्वारा अनाधिकृत रूप से फिनिश गुड्स पर स्वीकृत दर से अधिक राशि वसूली एवं ओवरलोड के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन में लिखा है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राशि खनिज चेजा पत्थर पर प्रति टन 49.28 रूपयें हैं जबकि ठेकेदार द्वारा 63 रूपयें प्रति टन वसूल किये जा रहें हैं, जिसे रोकने के लिए 15 जुलाई को नीमकाथाना माईनिंग एण्ड क्रेशर वेलफेयर सेवा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि माईन्स एण्ड क्रेशर मालिकों द्वारा फिनिश गुड्स पर सरकार द्वारा स्वीकृत दर से ज्यादा राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा, साथ ही खनिज पर रॉयल्टी सरकार द्वारा स्वीकृत दर से वसूली की जाती हैं तो क्रेशर और खान मालिको को कोई आपत्ति नही होगी। जिसके विरोध में उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना को 15 जुलाई को समिति द्वारा ज्ञापन भी दिया गया था परंतु आज दिनांक तक ठेकेदार द्वारा चेजा पत्थर के बजाय फिनिश गुड्स पर प्रति टन 49.28 रूपये की बजाय 63.00 रूपयें अवैध वसूली की जा रही हैं। क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं भाजपा के पदाधिकारियों ने रॉयल्टी ठेकेदार को पाबन्द करने एवं राज्य सकार द्वारा स्वीकृत दर से अधिक राशि की वसूली नही करने की मांग की है।

भाजपा के पदाधिकारियों ने अपने ज्ञापन में यह भी लिखा है कि नीमकाथाना कि सडकों पर चेजा पत्थर, क्रेशर गिट्टी, सिलिकासेड ,फेल्सफार से भरे ट्रैलर दिन दहाडे चल रहे हैं जिनमें 40 टन से 100 टन तक वजन होता है। ये ट्रक व ट्रेलर निर्धारित क्षमता से अधिक भरे हुए होते हैं तथा गांवों के बिचो बीच तेजगति से निकलते हैं जिस कारण आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ओवर लोड वाहनों से चेजा पत्थर, क्रेशर गिट्टी, सिलिकासेड, फेल्सफार गिरते हुए जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाए हो रही हैं। पूर्व में भी ग्राम पंचायत बिहारीपुर, जीलो, डाबला, बिहार एवं हसामपुर के ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन दिया गया था तथा हमारे द्वारा भी 28 जुलाई को अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीमकाथाना को ओवर लोड वाहनों के खिलाफ ज्ञापन दिया था, उसके बावजूद भी आज तक ना तो ओवरलोड के खिलाफ कोई कार्यवाही हुई है और ना ही अवैध रॉयल्टी बंद हुई है। इनके खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए अन्यथा नीमकाथाना में एक बड़ा आंदोलन होगा। ज्ञापन देने वालों में दौलत राम गोयल जिला उपाध्यक्ष भाजपा सीकर, सुवालाल सैनी प्रधान पंचायत समिति पाटन, भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजोर, मन्नालाल सैनी, फूलचंद वर्मा, सुभाष बराला आदि उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में सर्दी बढ़ने से अस्पतालों में मरीजों की लाइन लगी

**खेतडी** (निसं)। खेतड़ी क्षेत्र में पिछले दो दिन से सर्दी का प्रभाव अधिक हो जाने से अब अस्पतालों में मरीजों की लाइन लगने लगी है। उप जिला अस्पताल में मरीजों को उपचार के लिए अपनी बारी के आने का इंतजार भी करना पड रहा है।

वर्तमान समय में अस्पतालों में खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जिसके चलते राजकीय उप जिला अस्पताल की प्रतिदिन की ओपीडी पांच सौ से अधिक हो गई है। अस्पताल में सबसे ज्यादा वायरल, खांसी, जुखाम बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी का सही तरीके से नहीं लगाए जाने के कारण मरीजों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर अक्षय कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले दो दिन से सर्दी का प्रभाव अधिक हो जाने से मौसम बीमारियां फैलने लगी हैं, जिसके चलते खांसी जुखाम, बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ रही है। सुबह-शाम सर्दी अधिक होने व दिन में सूर्य की तपन होने से बदलते मौसम के चलते इन बीमारियों के मरीज की आवक ज्यादा हो रही है, जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की भीड लगने लगी है।

अस्पताल में उपचार के लिए आई संतोष, विमला, कल्पना ने बताया कि पिछले आधे घंटे से लाइन में लगे हुए हैं। लाइन लंबी होने के कारण काफी देर तक अपनी बारी आने का इंतजार करना पड रहा है।

इसके अलावा राजकुमार, विजेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टर के अपने चैंबर में बैठने की व्यवस्था सही नहीं होने के कारण मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। पीएमओ ने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा विभाग की ओर से बेहतर प्रयास किया जा रहे हैं, जिसके चलते स्थानीय आशा, एएनएम व अन्य कर्मचारी की सहयोग से लोगों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरीश यादव ने बताया कि बदलते मौसम के साथ बढ़ रही मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा विभाग की टीमें लगाई गई है, जो वार्ड व ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों की सतर्कता को लेकर कार्य कर रही हैं।

इसके अलावा दो दिन पहले भी कर्मचारियों की बैठक लेकर कर्मचारियों को मौसमी बीमारियों को रोकथाम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

## परीक्षा संयोजक का निलंबन रद्द करने की मांग

**चूरू,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने समान परीक्षा संयोजक के निलंबन रद्द करने की मांग को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री को अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजा है।

शिक्षा निदेशक द्वारा चूरू जिले में अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2023-24 की कक्षा 10 के तृतीय भाषा संस्कृत व सामाजिक विज्ञान के प्रश्न पत्र वायरल प्रकरण में बिना किसी जांच के चूरू जिले की समान परीक्षा संयोजक निर्मला

- चूरू जिले में अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2023-24 की कक्षा 10 के तृतीय भाषा संस्कृत व सामाजिक विज्ञान के प्रश्न पत्र वायरल



राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने समान परीक्षा संयोजक के निलंबन रद्द करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन भेजा है।

गहलोत को निलंबित कर दिया था। इस पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने यह मांग उठाई है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए लेकिन निर्दोष जिला संयोजक का निलंबन आदेश तुरंत प्रभाव से प्रत्याहारित किया जाना चाहिए क्योंकि जिला संयोजक का कार्य पेपर को छपाना तथा नोडल विद्यालय तक सुपुर्द करने का होता है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती गई है। इस अवसर पर संभाग संगठन मंत्री राजवीर सिंह राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सैनी, जिला मंत्री शिवकुमार शर्मा, केसर देव सैनी, धर्मेंद्र कुमार सोलंकी, प्रदेश महासमिति सदस्य चिरंजीलाल सैनी, ताराचंद खेड़ीवाल, भंवरलाल, कन्हैयालाल सैनी, अशोक दाधीच, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र परिहार, विनोद भाकर, राजेश भांभू, अनुपम सैनी, जगदीश कुलथिया आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार रेसला के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रधानाचार्य रामकुमार खीचड़ के नेतृत्व में जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग को ज्ञापन सौंपकर श्रीमती गहलोत को अविलम्ब बहाल करने की मांग की। सैकड़ों साथियों के साथ जिला कलेक्टर के चैम्बर के आगे बैठकर नारेबाजी की गई। खीचड़ ने बताया कि समान परीक्षा के संयोजक का कार्य पेपर छपवाकर सभी ब्लॉकों के नोडल स्कूल में भेजकर जिले की सभी राजकीय स्कूलों में भेजने का है। परीक्षा शुरू होने के बाद जिले की मोनेटरिंग जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक की होती है। महोदय से इस मामले में बात करूंगा। ज्ञापन देने वालों में पूर्णाराम माहिच, जगदीश खेड़ीवाल, नंदलाल बौद्ध, मोहन अर्जुन, शीशराम माहिच, सांवतारम, रिखाराम तालनियाँ, रघुवीर सिंह बाडेटिया सहित सैकड़ों साथी शामिल थे।

## सार-समाचार

### भारतीय लघुकथा सम्मेलन आयोजित

**सादुलपुर,** (निसं)। हरियाणा प्रदोशिक लघुकथा मंच सिरसा (हरियाणा) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय लघुकथा सम्मेलन-2023 में साहित्य समिति राजगढ के अध्यक्ष एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। जिसमें साहित्य समिति राजगढ के अध्यक्ष डॉ रामकुमार घोटड सहित अनिल शास्त्री, रणजीत सिंह भाटी, जाफर खान को भी आयोजकों द्वारा पुस्तकें व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं सम्मेलन में दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उतर प्रदेश व राजस्थान सहित हरियाणा राज्य के विभिन्न शहरों से आये लघुकथाकारो ने अपने-अपने आलेख पढे तथा सम्मेलन में उपस्थित लघुकथाकारों की जिज्ञासा भरे प्रश्नों का तर्क संगत साहित्यिक शैली में उनका निदान कर संतुष्ट किया। वहीं इस राष्ट्रीय सम्मेलन स्तर के आयोजन में डॉ रामकुमार घोटड ने अध्यक्षीय मण्डल से बोलते हुए हिन्दी लघूकथा में प्रयोग धर्मिता का औचित्य विषय पर अपना उदबोधन दिया। आयोजक मण्डल रूपदेवगुण, शीलकोशिक, योगराज प्रभाकर, मेजर शक्तिराज, ललीत जैन, मित्रसैन जैसे प्रतिष्ठित महानुभावों द्वारा साहित्य समिति के सदस्यो को सम्मानित किये जाने पर पुरूषोतम देव पाण्डिया, संतोष जांगिड पंछी, प्रतापसिंह कस्वा, वैद्य सत्यनारायण शाडिल्य, राम अवतार बैरासरिया, मकसुद चिश्ती सहित परिचित जनों ने बधाई देते हुए खुशी जताई।

### विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ पंचायत समिति की ददरेवा व लाखलाण बडी ग्राम पंचायत में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजगढ पंचायत समिति के नायब तहसीलदार जयप्रकाश ने बताया कि एसडीएम राजगढ दीपांशु सांगवान के प्रभावी निर्देशन में ग्राम पंचायतों पर आयेजित शिविरों में ग्रामीणों में काफी उत्साह रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रचार रथ पहुंचने पर ग्रामवासियों ने भरपूर उत्साह से स्वागत किया। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए गाँव के विद्यार्थियों व बालक-बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। उन्होंने बताया कि शिविर में ग्रामवासियों के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, राजीविका, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधनमंत्राी उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित शामिल कुल 17 योजनाओं के संबंधित रजिस्ट्रेशन किए गए।

### आनंद उत्सव समिति का गठन

**पाटन** (निसं)। अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर आनंद उत्सव को लेकर श्री नृसिंह मंदिर हसामपुर में आज मंडल स्तरीय समिति व ग्राम स्तरीय समिति का गठन किया गया। बैठक में तय किया कि 24 दिसंबर को हसामपुर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का स्वागत किया जाएगा।

### जरूरतमन्दों को स्वेटर वितरित

**झुंझुनू** (निसं) महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू द्वारा (ईएमएएमआई ग्रुप कोलकता) के राधेश्याम गोयनका के सौजन्य से केड (छावसरी) राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कालबेलिया बस्ती में कक्षा एक से आठ तक के 41 छात्र-छात्राओं को टोपी वाली स्वेटर तथा प्रत्येक बच्चे को पहनने के लिए साधारण कपडे का वितरण किया। इस विद्यालय में सभी बच्चे कालबेलिया बस्ती परिवार से आते हैं जिनके पास कोई बिजली संसाधन नहीं है फिर भी इन बच्चों में पढने का जुनून है तथा एक बच्चे ने राजस्थान मेरिट में अपना नाम लाकर स्कूल का नाम रोशन किया जो एक सपेरा जाति परिवार का बच्चा था। संस्था अध्यक्ष वीर सत्यदेव दडिया ने सभी बच्चों को मोटिवेशन तथा स्कूल अध्यापकों को लगन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रतियोगिता आयोजित

**झुंझुनू** (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन प्रथम सत्र में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें इकाई प्रथम व द्वितीय की स्वयंसेविकाओं के मध्य बॉस्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी, रस्साकस्सी व म्यूजिकल चैयर आदि विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय स्थान मलसीसर**
**वादी उम्मेद खान** विरूद्ध **भादर वगै.**
दावा बाबत :- **घोषणार्थ रिकॉर्ड दुरूस्ती, बंटवारा एवं स्थायी निषेधाज्ञा सिविल वाद**
संख्या......2022/331......सन 2022
प्रेषितः- 1. भादर पुत्र, 2. भवानी सिंह, 3. विजयभान, 4. राकेश पुत्रगण हरिसंह, 5. शोभा कंवर पत्नी हरिसिंह, 6. ललता पुत्री हरिसिंह, 7. राजू माता हंसकर दोहिता हरिसिंह समस्त जाति बड़वा निवासीगण बड़वा की ढाणी, तहसील मलसीसर जिला झुंझुनूं, राज.
वादी उक्त ने आपके विरूद्ध उक्त वाद के लिये संस्थिक किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 31/01/2024 को दिन के 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से संबंधित सभी सारवाना प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हौ। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या ना हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के बाद उपावद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 921/15.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
**न्यायाधीश**
**उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर**